कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com Fax & ☎ 05964- 225234

पत्रॉक 2825 / 12-1 दिनांक, पिथौरागढ़, 04-2- 2020।

सेवा में

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊॅ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः— **ग्राम पंचायत सतगढ़ से धर्मशाला तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य, प्रपोजल सं0 (FP/UK/ROAD/42729/2019)**

सन्दर्भः— आपका पत्रांक 2507/12— I(2), दिनांक 20.01.2019।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत किया जाता है कि आगणन के अनुसार मार्ग कटिंग में कुल 18000 00 घन मी0 मलवा उत्सर्जित होता है जिसमें पूर्व में ऑनलाईन किए गए प्रपत्र के अनुसारः—

1. मार्ग में खड्ड साईड में दीवारों के निर्माण में आवश्यक सामग्री (पत्थर, रोड़ा) आदि — 6048.00 घन मी0
2. हिल साईड में ब्रेस्ट वाल व खड्ड साईड में रिटेनिंग वॉल — 6048.00 घन मी0
3. दीवारों के निर्माण में रोडा व मिट्टी भरान हेतु — 3024.00 घन मी0
4. अतिरिक्त मलवे में भरान हेतु चयनित स्थानों पर डम्पिंग यार्ड बनाए जाने हेतु आवश्यक वायर क्रेट के निर्माण में(पत्थर,रोड़ा) — 1282.00 घन मी0
5. मार्ग में बनने वाले पैराफिटों में उपयोग में लाए जाने वाले पत्थर/रोड़ा की मात्रा — 972.00 घन मी0
6. 3 किमी0 लम्बाई में सोलिंग कोट बनाने हेतु रोडे व मिट्टी की मात्रा — 3585.00 घन मी0
7. मार्ग में सुपर एलीवेशन व ग्रेड सही करने हेतु आवश्यक मिट्टी की मात्रा — 3000.00 घन मी0

इस प्रकार कुल उपयोग में लाए जाने वाले मलवा (पत्थर/रोड़ा/मिट्टी) की मात्रा— 23960.10 घन मी0 अतः अवशेष मलवे (18000—23960.10=1239.90घन मी0) को कार्यस्थल में प्रस्तावित डम्पिंग जोन में टिप्परों के माध्यम से ढोकर फेंका जाएगा। तथा प्रस्ताव में संलग्न जियो एवम् टोपो मैप आई0 टी0 शैल, कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी भूमि संरक्षण निदेशालय देहरादून द्वारा बनाए गए है।

उपरोक्त प्रस्ताव पूर्व में उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त कर सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार भेजे गए थे जिसकी मूल प्रति पूर्व में नोडल अधिकारी देहरादून के निर्देशों के क्रम में जमा कर दी गई थी। वर्तमान में 01 हे0 से कम के प्रस्ताव में उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति के दिशा निर्देश प्राप्त है जिसके अन्तर्गत उक्त प्रस्ताव को कार्यालय नोडल अधिकारी, वन संरक्षक देहरादून के पत्र के क्रम में withdraw कर पुनः आनलाईन अपलोड किया गया है। अतः उक्त प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।